Greenlawns School, Worli

द्वितीय सत्रीय पुनरावलोकन (2022-23)

हिंदी

कक्षा :- पाँचवी पूर्णांक:- ८०

दिनांक :- ०८.०२.२०२४ समय:- २ घंटे

सूचना:- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

शुद्ध भाषा व सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्र.१) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- (१०)

१. मेरा प्रिय त्योहार
२. मेरे पिताजी : दुनिया के सबसे अच्छे और प्यारे पिताजी
३. विद्यालय का खेलदिवस

प्र..२) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए :- (७)
ऊँट और सियार में मित्रता... दोनों गन्ने के खेत में गए….. सियार ऊँट की पीठ पर बैठ गया …….. गन्ने खाकर सियार को हुआँ-हुआँ करने की आदत…….ऊँट ने उसे ऐसा करने से मना किया….. सियार न माना…….. उसकी आवाज़ सुनकर खेत का मालिक आ गया .... सियार छिप गया…… मालिक ने ऊँट को बहुत मारा....... शाम को ऊँट पर बैठकर सियार नदी पार करने लगा…….. ऊँट ने पानी में डुबकी लगाई…….सियार ने मना किया…… ऊँट ने कहा, “ खाकर डुबकी लगाना उसकी आदत है” …….सियार नदी में डूबकर मर गया ...... सीख…… शीर्षक।

प्र.३) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-
पोंगल दक्षिण भारत में तमिलनाडु के साथ-साथ दुनिया के अन्य कई भागों में बड़े धूम – धाम से मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है। पोंगल का वास्तविक अर्थ होता है- उबालना। वैसे इसका दूसरा अर्थ नया साल भी है। गुड़ और चावल उबालकर सूर्य को चढ़ाये जाने वाले प्रसाद का नाम भी पोंगल है। चार तरह के पोंगल क्रमश: इस प्रकार हैं- भोगी पोंगल, सूर्य पोंगल, मट्टू पोंगल और कन्या पोंगल। पहले दिन भोगी पोंगल में इन्द्र देव की पूजा की जाती है। इंद्र देव को भोगी के रूप में भी जाना जाता है। वर्षा एवं अच्छी फसल के लिए लोग इंद्र देव की पूजा एवं आराधना पोंगल के पहले दिन करते हैं। पोंगल की दूसरी पूजा सूर्य पूजा के रूप में की जाती है। इसमें नए बर्तनों में नए चावल, मूँग की दाल एवं गुड़ डालकर केले के पत्ते पर गन्ना, अदरक आदि के साथ पूजा की जाती है। सूर्य को चढ़ाये जाने वाले इस प्रसाद को सूर्य के प्रकाश में ही बनाया जाता है।

P.T.O

प्रश्न :

१. पोंगल के कितने अर्थ होते हैं? समझाकर लिखिए। (२)

२. पोंगल के कौन-कौन से प्रकार होते हैं? उनके नाम लिखिए। (२)

३. भोगी पोंगल के दिन किसकी पूजा की जाती है और क्यों ? (२)

४. पोंगल का त्योहार कहाँ मनाया जाता है और कैसे ? (२)

५. पोंगल में सूर्य पूजा किस प्रकार की जाती है? (२)

प्र.४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

अ)निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (२)

१. शिव

२. संसार

आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (२)

१. रक्षक

२. स्वाधीन

इ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (२)

१. सुननेवाला -

२. जो पढ़ना – लिखना जानता है -

ई) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (कोई २) (३)

१. दुम दबाकर भागना २. खून- पसीना एक करना ३. लाल – पीला होना

उ) निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचानकर उसके भेद लिखिए:- (२)

१. सुमन गीत गा रही थी।

२. कल वर्षा ज़रूर होगी।

ऊ) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया पहचानकर उसके भेद लिखिए। (२)

१. सुरेश सेब काट रहा था।

२. देवेंद्र सुबह से शाम तक चलता रहा।

साहित्य – विभाग

प्र.५ . अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (९)

१. ‘पानी’ पाठ के आधार पर बताइए कि घर में पानी का दुरुपयोग कैसे होता है ?
२. तेनालीराम ने सज़ा से बचने के लिए क्या किया ?
३. पानी ने पत्र किसे और क्यों लिखा ? धरती पर शुद्ध पानी किस – किस रूप में उपलब्ध है ?

प्र.५. आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:- (३)

१. धरती पर शुद्ध पानी कितने प्रतिशत है ?

२. पुरोहित ने मृत्यु देवता किसे कहा ?

३. विजय नगर के राजा कौन थे ?

प्र.५.इ) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:- (३)

१. तेनालीराम की ---------- के कारण ही लोग उनसे ईर्ष्या करते थे।

२. आज से --------- वर्ष पहले इस पृथ्वी पर मेरा जन्म हुआ ।

३. यह तो आप स्वयं जानते हैं कि ‘ जल ही ----------- है।’

प्र.५. ई) निम्नलिखित वाक्य 'किसने - किससे कहा' लिखिए। (३)

१. “ कौन कहता है कि तुम बुद्धिमान हो ! ”

२. “हम दोनों ने मिलकर इस घड़े को बुद्धि से भरा है।”

३. “ये तुम दोनों क्या खुसर – फुसर कर रहे हो ? ”

प्र.५. उ) शब्दार्थ लिखिए:- (३)

१. प्रस्थान   २. रवैया   ३. अंश

कविता- विभाग

प्र . ६.अ)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (६)

१. बेटी को पढ़ाना क्यों ज़रूरी है ? स्पष्ट कीजिए।

२. कबीरदासजी ने सत्य का महत्त्व किस तरह समझाया है ?

प्र ६ . आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियों को पूर्ण कीजिए :- (४)

अब ------------

-------------- पहुँचेगी।

प्र.६. इ) शब्दार्थ लिखिए :- (३)

१. चूपड़ी   २. फ़ौलादी   ३. उत्थान

रंगमंच की कहानियाँ

प्र. ७.) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१. गोविंद ने गोकुल को अपने बारे में क्या बताया ? (२)

२. गरीब मज़दूर धनी किस तरह बन गया ? (२)

३. राजा गृहमंत्री पर क्यों क्रोधित हुए ? (२)

---------- समाप्त ------